CDS - I 2018

सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र

Powered by :

gradeup

1. परमानवीय घड़ियों में एक टाइमकीपर के रूप में प्रयुक्त होने वाला तत्व, निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   A. पोटैशियम B. सीजियम
   C. कैल्सियम D. मैग्निशियम
2. रक्त की जल-मात्रा के नियन्त्रण में, निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व सम्मिलित होता है?
   A. पोटैशियम B. लिथियम
   C. रुबिडियम D. सीजियम
3. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस, जल में घुलकर अम्लीय विलयन बनाती है?
   A. कार्बन डाइऑक्साइड
   B. ऑक्सीजन
   C. नाइट्रोजन
   D. हाइड्रोजन
4. हरे पादपों में क्लोरोफिल के बनने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व अनिवार्य है?
   A. कैल्शियम B. लौह
   C. मैग्निशियम D. पोटैशियम
5. निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रिया पर विचार कीजिए :
   $$aFe_2O_3(s) + bCO(g) + cFe(s) + dCO_2$$
   उपर्युक्त अभिक्रिया के संतुलित रासायनिक समीकरण में क्रमश: a, b, c और d गुणांकों का मान, निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?
   A. 3, 2, 3, 1 B. 1, 3, 2, 3
   C. 2, 3, 3, 1 D. 3, 3, 2, 1
6. एक वैधुत बल्ब में टंग्स्टन तार के साथ-साथ आर्गन गैस क्यों प्रयुक्त की जाती है?
   A. बल्ब की आयु बढ़ाने के लिए
   B. विधुत की खपत कम करने के लिए
   C. उत्सर्जित प्रकाश को रंगीन बनाने के लिए
   D. बल्ब की कीमत कम रखने के लिए
7. केल्विन तापमान (T) और सेल्सियस तापमान (fc) के बीच सही संबंध, निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   A. ये दो स्वतंत्र तापमान स्केल हैं
   B. $T = t_c$
   C. $T = t_c - 273.15$
   D. $T = t_c + 273.15$
8. ध्वनि तरंगे निम्नलिखित में से किसमें से होकर नहीं गुजर सकतीं हैं?
   A. हवा में रखा हुआ ताँबे का तार
   B. हवा में रखी हुई चाँदी की पटिया (पट्टी)
   C. पानी में रखा हुआ काँच का प्रिज्म
   D. निर्वात में रखा हुआ लकड़ी का खोखला पाइप
9. एक नैनोमीटर का मान, निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   A. 10^{-7} cm B. 10^{-6} cm
   C. 10^{-4} cm D. 10^{-3} cm
10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. एक पिण्ड, जो संतुलन में है, पर कोई नेट आघूर्ण नहीं होता है |
   2. किसी पिंड का संवेग सदैव संरक्षित होता है |
   3. किसी पिंड की गतिज ऊर्जा सदैव संरक्षित रहती है |

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. 1, 2 और 3 B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 2 D. केवल 1
11. सुरक्षा फ्यूज की कार्यप्रणाली निम्नलिखित में से किस/किन पर निर्भर होती है?
   1. धारा का चुम्बकीय प्रभाव
   2. धारा का रासायनिक प्रभाव
   3. धारा का परिमाण
   4. धारा का ऊष्मीय प्रभाव

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. 1, 2, 3 और 4
   B. केवल 1, 2 और 3
   C. केवल 3 और 4
   D. केवल 4

निर्देश :

निम्नलिखित सात (7) प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन-I और कथन-II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परिक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

कूट :

A. दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

B. दोनों कथन अलग-अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है

D. कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है

12. कथन I :

किसी कार्सट भूभाग में कहीं अधिक सर्वाधिक आम स्थलाकृतिक रूप, घोल रंध्र (सिंकहोल) होता है |

कथन II :

स्थलाकृतिक रूप से, एक घोल रंध्र ऐसा गर्त (अवनमन) है जिसकी गहराई एक मीटर से भी कम से आरंभ होकर कई सौ मीटर तक हो सकती है |

13. कथन I :

अध्:कर्तित विसर्प, नदी की पूर्ण रूप से विकसित (परिपक्व) अवस्था में बनते हैं |

कथन II :

अध्:कर्तित विसर्पों का विवरण (विशेषताएँ), पुनर्युवन और भूमि के उत्थान (उन्नयन) के अनुसार दिया जाता है |

14. कथन I :

हिमनद-द्रोणीयों के अंश विशिष्ट रूप से सपाट सतहों को प्रदर्शित करते हैं |

कथन II :

किसी हिमनद-द्रोणी में सपाट सतह, एकसमान हिमनदीय अपरदन के कारण उत्पन्न होती (बनती) है |

15. कथन I :

टुंड्रा जलवायु में जैव विविधता अपेक्षाकृत कम है |

कथन II :

टुंड्रा जलवायु में जननात्मक उष्ण अवधिकाल कम होता है |

16. कथन I :

ज्वार-भाटा समुद्र के स्तर का उतार-चढ़ाव है, जो चन्द्रमा और सूर्य द्वारा लगाए गए गुरुत्वाकर्षण बल और पृथ्वी के घूर्णन के संयुक्त प्रभाव के कारण होता है |

कथन II :

पृथ्वी, पश्चिम सी पूर्व की ओर चक्कर लगती है |

17. कथन I :

एक व्यक्ति क्षयरोग से पीड़ित हो सकता है यदि वह भीड़-भाड़ वाले स्थान पर बारम्बार जाता है |

कथन II :

छींकने अथवा खाँसने के कारण छोटी बूँदों के माध्यम से क्षयरोग के जीवाणु फैलते हैं |

18. कथन I :

किसी जीव (संघटित शरीर-रचना) में भारी धातुओं और पीडकनाशियों (कीटनाशकों) के बढ़ते हुए जमाव की प्रक्रिया को जैव संचयन कहते हैं |

कथन II :

तालाब की बड़ी मछलियों में उसी तालाब के प्लवकों की तुलना में, पीडकनाशियों की सांद्रता (जमाव) अधिक पाई गई है |

19. वर्गीकरण की जीव-विज्ञान संबंधी पद्धति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी एक असली मछली है?

A. रजत मीनाभ B. जेलीफिश

C. कटलफिश D. उड़न मीन

20. प्राणियों में, निम्नलिखित में से किस प्रकार के संयोजी ऊतकों में वसा संग्रहित होती है?
A. एडिपोसाइट
B. कोंड्रोसाइट (उपस्थयणु)
C. ओस्टिओसाईट (अस्थयणु)
D. रेतिक्युलोसाइट (जालिकाणु)

21. अंग/भाग, जो चलन में सहायता करता है, के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
A. युग्लीना : फ्लेजेलम (कशाभ)
B. पैरामिशियम : सिलिया (पक्ष्मभ)
C. नेरीस : पादाभ
D. स्टारफिश : नाल-पद

22. निम्नलिखित में से किस कोशिका अंगक से लाइसोसोम बनता है?
A. केन्द्रक
B. अन्तद्रव्यी जालिका
C. गोल्जी काय
D. राइबोसोम

23. अंतद्रव्यी जालिका आबद्ध राइबोसोम में प्रोटीन का संश्लेषण होता है और यह क्लोरोप्लास्ट के भीतरी थाइलाकाइंड स्थान की ओर लक्षित होता है | इसे अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए दोहरी परत वाली झिल्ली की कितनी तहों से होकर गुजरना होगा?
A. 2
B. 3
C. 4
D. 5

24. निम्नलिखित में से किस कारण से, वायुमंडल में रुद्धोष्म ताप परिवर्तन होते हैं?
A. विक्षेप (विचलन) और अभिवहन
B. संघनन की गुप्त ऊष्मा
C. वायु का प्रसार और संपीडन
D. वायुमंडल द्वारा और सौर विकिरण का आंशिक अवशोषण

25. वर्षण की संघटन-संलयन प्रक्रिया के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोज्य है?
A. बादल, जो हिमीकरण स्तर से परे विस्तारित नहीं होते हैं
B. बादल, जो जो हिमीकरण स्तर से परे विस्तारित होते हैं
C. सभी प्रकार के बदल
D. पक्षाभ-कपासी मेघ

26. भारत के निम्नलिखित में से किस स्थान में, शीतकाल के दौरान उच्चतम वायुमंडलीय दाब अनुभव किया जाता है?
A. जैसलमेर
B. लेह
C. चेन्नई
D. गुवाहाटी

27. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची-I
(परिकल्पना/सिद्धांत)
A. गृहाणु परिकल्पना
B. तापीय संकुचन सिद्धांत
C. भू-अभिनतिक पर्वतजन सिद्धांत
D. विसर्पी महाद्वीप की परिकल्पना

सूची-II
(प्रतिपादक)
1. कोबर
2. चेम्बरलीन
3. डैली
4. जेफ्रेइस

कूट :

	A	B	C	D
A.	2	4	1	3
B.	2	1	4	3
C.	3	1	4	2
D.	3	4	1	2

28. फोटोग्राफर के फ्लैश्ग्न से चमकीले प्रकाश का निकलना देखा जाता है | निम्नलिखित में से किस आदर्श गैस की उपस्थिति के कारण यह चमक होती है?
A. आर्गन
B. जिनोन
C. निऑन
D. हीलियम

29. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, एक यौगिक में नहीं होती है?
A. संघटन, चर (परिवर्तनशील) होता है |
B. यौगिक के सभी कण (अंश) केवल एक प्रकार के होते हैं |
C. यौगिक के कणों में दो या इससे अधिक तत्व होते हैं |
D. सामान्य भौतिक विधियों से यौगिक के अवयवों को पृथक् नहीं किया जा सकता है|

30. निम्नलिखित में से किन पदार्थों के कारण जल में अस्थायी कठोरता होती है?
1. $Mg(HCO_3)_2$
2. $Ca(HCO_3)_2$
3. $CaCl_2$
4. $MgSO_4$
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
A. 3 और 4 B. 2 और 3
C. 1 और 4 D. 1 और 2

31. यदि कैल्सियम का परमाणु-क्रमांक 20 है और इसकी द्रव्यमान-संख्या 40 है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व, कैल्सियम का समभारिक परमाणु होगा?
A. वह तत्व, जिसमें 20 प्रोटोन और 18 न्यूट्रॉन हैं
B. वह तत्व, जिसमें 18 प्रोटोन और 19 न्यूट्रॉन हैं
C. वह तत्व, जिसमें 20 प्रोटोन और 19 न्यूट्रॉन हैं
D. वह तत्व, जिसमें 18 प्रोटोन और 22 न्यूट्रॉन हैं

32. 'ऊष्मा हानि = uushma वृद्धि' का संबंध, निम्नलिखित में से किससे निरुपित होता है?
A. तापीय संतुलन का सिद्धांत
B. रंगों का सिद्धांत
C. कैलोरिमिति का सिद्दांत
D. वाष्पन का सिद्धांत

33. ताँबे के बने हुए दो धात्विक तारों की लंबाईयां समान हैं लेकिन पहले तार की त्रिज्या, दूसरे तार की त्रिज्या की आधी है | पहले तार का प्रतिरोध R है | यदि दोनों तारों को एकसाथ श्रेणी में लगाया जाता है, तो कुल प्रतिरोध कितना होगा?
A. $2R$ B. $\frac{R}{2}$
C. $\frac{5}{4}R$ D. $\frac{3}{4}R$

34. सुबह या शाम के वक्त जब सुरज क्षितिज के पास होता है, तो यह लालिमायुक्त प्रतीत होता है | इस अवलोकन के लिए जिम्मेदार परिघटना है
A. प्रकाश का परावर्तन
B. प्रकाश का अपवर्तन
C. प्रकाश का प्रकीर्णन
D. प्रकाश का छितराव (फैलाव)

35. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
सूची-I
(बादल)
A. पक्षाभ (सिरस)
B. स्तरी (स्ट्रेट्स)
C. वर्षामेघ (निम्बस)
D. कपासी (क्युम्युल्स)
सूची-II
(विशिष्टता)
1. वर्षा देने वाला
2. पंख के समान रूप
3. ऊध्र्वाधर रूप से बढने वाला
4. क्षितिज के समांतर दिशा में फैलता हुआ
कूट :

(a)	A	B	C	D
	3	1	4	2
(b)	A	B	C	D
	2	1	4	3
(c)	A	B	C	D
	2	4	1	3
(d)	A	B	C	D
	3	4	1	2

36. विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) पर संबंधित तटीय राष्ट्रों का एक अनन्य अधिकार, निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?
   A. महासागरीय निक्षेपों के खनिज संसाधनों का सर्वेक्षण और दोहन
   B. समुद्री जल ऊर्जा और मत्स्य-ग्रहण (महिगीरी) सहित समुद्री जीवों का दोहन
   C. समुद्री संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन
   D. जहाजों का नौचालन और अंत:समुद्री तारों (केबिल) का स्थापित किया (बिछाया) जाना

37. भारत में, राज्यों के निम्नलिखित में से किस समूह में, एक अग्रगामी निवेश के रूप में एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन (ICZM) परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है?
   A. गुजरात, केरल और गोवा
   B. केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश
   C. गुजरात, ओडिशा और पश्चिम बंगाल
   D. महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु

38. राष्ट्रीय जल अकादमी (NWA) के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही हैं/हैं?
   1. NWA का प्राथमिक उद्देश्य, जल संसाधन नियोजन के विभिन्न पहलुओं पर केंद्र और राज्य संगठनों के सेवारत अभियंताओं के लिए प्रशिक्षण के एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में कार्य करना है |
   2. NWA नई दिल्ली में स्थित है |

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

39. ताँबे के एक तार, जिसकी लंबाई l है और जिसके अनुप्रस्थ परिच्छेद का क्षेत्रफल A है, में से विघुत धारा I प्रवाहित हो रही है | तार के क्षय हो रही शक्ति P है | यदि हम समान विमाओं वाला एक एलुमिनियम का तार लेते हैं और इसमें से समान धारा प्रवाहित करते हैं, तो क्षय हुई शक्ति होगी
   A. P B. < P
   C. > P D. 2P

40. किसी द्रव का दाब, गहराई h के साथ $P = P_0 + pgh$, के रूप में परिवर्तित होता है, जहाँ p उस द्रव का घनत्व है | यह व्यंजक किससे संबंधित है?
   A. पास्कल का नियम
   B. न्यूटन का नियम
   C. बर्नुली का सिद्धांत
   D. आर्कीमिडिज का सिद्धांत

41. वायुमण्डल की निम्नलिखित संघटक गैसों पर विचार कीजिए :
   1. आर्गन
   2. निऑन
   3. हीलियम
   4. कार्बन डाइऑक्साइड

   आयतन की प्रतिशतता के हिसाब से उपर्युक्त गैसों का सही आरोही क्रम, निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   A. 1-3-2-4 B. 1-4-2-3
   C. 4-2-3-1 D. 2-4-1-3

42. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, उसकी कुल आबादी में अनुसूचित जनजातियों की आबादी की प्रतिशतता अधिकतम है?
   A. मिज़ोरम B. नागालैंड
   C. मेघालय D. अरुणाचल प्रदेश

43. निम्नलिखित में से किस पर्वत में बहीवेधी ज्वालामुखी नहीं पाए जाते हैं?
   A. अलास्का B. रॉकी
   C. एंडीज D. हिमालय

44. करेवास, जो बालू, मृतिका, दुमट, सिल्ट और गोलाश्म (उपल) का सरोवरी निक्षेप है, में निम्नलिखित में से किस फसल की खेती नहीं की जाती है?
   A. केसर B. बादाम
   C. अखरोट D. लिंग नट

45. गंगा नदी की निम्न सहायक नदियों पर विचार कीजिए :
1. गंडक
2. कोसी
3. घाघरा
4. गोमती
उपर्युक्त नदियों का पूर्व से पश्चिम की ओर का सही अनुक्रम, निम्नलिखित में से कौन-सा है?
A. 3-4-1-2 B. 2-1-3-4
C. 2-3-1-4 D. 1-2-4-3

46. भारत के निम्नलिखित में से कौन-से राष्ट्रीय उद्यान (नैशनल पार्क), UNESCO द्वारा विश्व विरासत (धरोहर) घोषित किए गए हैं?
1. केओलादेव राष्ट्रीय उद्यान
2. सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान
3. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
4. रणथम्बोर राष्ट्रीय उद्यान
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
A. केवल 1 और 2 B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 3 और 4 D. 1, 2, 3 और 4

47. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (रेलवे जोन/मंडल)	सूची-II (मुख्यालय)
A. उत्तर मध्य	1. सिकन्दराबाद
B. उत्तर पूर्व	2. जबलपुर
C. पश्चिम मध्य	3. गोरखपुर
D. दक्षिण मध्य	4. इलाहाबाद

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	4	2	3	1
(c)	1	2	3	4
(d)	1	3	2	4

48. लसीका के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
A. लसीका, केशिकाओं में से रक्त के स्राव के कारण बनती है |
B. लसीका में रक्त कोशिकाएँ, जैसे कि RBC होती है |
C. रक्त परिसंचरण हृदय द्वारा भी लसीका परिसंचारित की जाती है |
D. लसीका, केवल हॉर्मोन को ले जाने का कार्य करती है |

49. प्राणियों के निम्नलिखित में से किस/किन संवर्ग/संवर्गों में त्रिकोष्ठीय हृदय होता है?
A. मत्स्य और उभयचर
B. उभयचर और सरीसर्प
C. केवल सरीसप
D. केवल उभयचर

50. तेज धावकों की मांसपेशियों में, निम्नलिखित में से किसके संचयन से ऐंठन आ जाती है?
A. लैक्टिक अम्ल B. एथेनॉल
C. पाईरुविक D. ग्लूकोस

51. विनि मय व्यापारित निधि (ETF) के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
A. यह एक पण्य सुरक्षा है |
B. इसमें दिन-भर मूल्य बदलता रहता है |
C. म्यूचुअल फंड शेयरों की तुलना में इसमें प्रारूपिकतया निम्नतर दैनिक तरलता और उच्चतर शुल्क होता है |
D. ETF के लिए उसका निवल परिसंपत्ति मूल्य, प्रत्येक दिवस की समाप्ति पर एक बार परिकलित नहीं होता है |

52. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) निजी क्षेत्र के अंतर्गत NPS, से जुड़ने की अधिकतम आयु निम्नलिखित में से कौन-सी है?
A. 55 वर्ष B. 60 वर्ष
C. 65 वर्ष D. 70 वर्ष

53. भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में सार्वजिनक साख पंजीयन (PCR) पर एक उच्चस्तरीय कार्यदल (टास्क फ़ोर्स) का गठन किया है | यह कार्यदल, भारत के लिए एक पारदर्शी, व्यापक और लगभग-वास्तविक-समय PCR विकसित करने के लिए एक सड़क मानचित्र (रोड मैप) का सुझाव देने के लिए है | इस कार्यदल के प्रमुख हैं

A. सेकर कर्णम

B. विशाखा मुले

C. श्रीराम कल्याणरमन

D. वाई० एम० देवस्थली

54. भारत सरकार ने अनुदान के रूप में अफगानिस्तान को 1.1 मिलियन टन गेहूँ दिए जाने के अपने वादे के मुताबिक पहले खेप में गेहूँ से लदा जहाज अक्टूबर 2017 में अफगानिस्तान भेजा | यह जहाज किस रास्ते से होकर गया?

A. ईरान B. पाकिस्तान

C. ताजीकिस्तान D. चीन

55. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB) के बारे में सही है/हैं?

1. इसे एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी की तरह संस्थापित किया गया है |
2. इसका कार्य दो पायलट शाखाओं, हैदराबाद और वाराणसी, की स्थापना के साथ आरंभ हो गया है |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के कार्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. मानव अधिकारों के उल्लंघन पर, अपने स्वयं की पहल पर जाँच-पड़ताल करना
2. पीड़ित द्वारा इसके समक्ष प्रस्तुत याचिका के आधार पर जाँच-पड़ताल करना
3. कैदियों की दशा को जानने के लिए जेलों का भ्रमण करना
4. मानव अधिकारों के क्षेत्र में शोध का जिम्मा लेना और शोध को प्रोत्साहित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

57. एक व्यक्ति संसद के किसी भी सदन का सदस्य होने के लिए और सदस्य के रूप में चुने जाने के लिए अयोग्य होता है, यदि वह व्यक्ति

1. भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार के अधीन लाभ का कोई पद धारण किए हुए हो, संसद उपविधि द्वारा घोषित किसी पद के धारक को अयोग्य नहीं ठहराए जाने को छोड़कर
2. अनुन्मुक्त दिवालिया हो
3. भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत अयोग्य ठहराया गया हो
4. विक्षिप्त दिमाग वाला हो और एक सक्षम न्यायालय द्वारा उसे ऐसा घोषित किया गया हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

A. केवल 1, 2 और 4

B. 1, 2, 3 और 4

C. केवल 3 और 4

D. केवल 1, 2 और 3

58. भारतीय निर्वाचन आयोग के अनुसार, एक 'राष्ट्रीय दल' के रूप में मान्य होने के लिए एक राजनितिक दल का कितने राज्यों में मान्यताप्राप्त राजनितिक दल के रूप में होना आवश्यक है?
   A. कम-से-कम दो राज्य
   B. कम-से-कम तीन राज्य
   C. कम-से-कम चार राज्य
   D. कम-से-कम पांच राज्य

59. एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही हैं?
   A. यह औघोगिक नीति एवं संवर्धन विभाग की एक व्यावसायिक शाखा है |
   B. यह अंतरिक्ष विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण के अधीन है |
   C. यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियन्त्रण के अधीन है |
   D. यह विज्ञान एवं प्रौधोगिकी विभाग की एक व्यावसायिक शाखा है |

60. संत कवि कबीर से संबंधित छंदों का संग्रह निम्नलिखित में से किस/किन परंपरा/परंपराओं में किया गया है?
   1. बीजक वाराणसी वाला
   2. कबीर ग्रंथावली राजस्थान वाला
   3. आदि ग्रंथ साहिब

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. केवल 1 और 2
   B. 1, 2 और 3
   C. केवल 2 और 3
   D. केवल 3

61. बारहवीं सदी के आस-पास, इस्लामिक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में सूफी सिलसिलों का रूप-निर्धारण आरंभ हुआ, जो प्रकट करता है
   1. गुरु और शिष्य के बीच निरंतर संपर्क
   2. पैगम्बर मुहम्मद की अविच्छिन्न आध्यात्मिक वंशावली
   3. भक्तों की ओर आध्यात्मिक शक्ति और आशीष का हस्तांतरण

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. केवल 1 और 2 B. केवल 2
   C. केवल 1 और 3 D. 1, 2 और 3

62. ऋग्वेद के 10 वें मंडल में, निम्नलिखित में से कौन-सा स्तोत्र विवाह-समारोहों पर प्रकाश डालता है?
   A. सूर्य सूक्त B. पुरुष सूक्त
   C. दान स्तुति D. उर्ण सूत्र

63. असहयोग आंदोलन के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. कर्नाटक के किसानों की सार्थक भागीदारी इसकी विशिष्टता रही |
   2. मद्रास और महाराष्ट्र में गैर-ब्राहाण निम्न-जातियों की भागीदारी इसकी विशिष्टता रही |
   3. असम, बंगाल और मद्रास जैसे स्थानों में श्रमिक अंसतोष की कमी के रूप में इसे चिह्नित किया गया था |
   4. 1922 में झकझोर देने वाली चौरी-चौरा की घटना का इस आंदोलन पर बुरा प्रभाव पड़ा, जिसके बाद गाँधीजी द्वारा इस आंदोलन को अत्यंत सूक्ष्म पैमाने पर जारी रखने का निर्णय किया गया |

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. केवल 1 B. 1, 2 और 4
   C. 2 और 3 D. केवल 2

64. नवंबर 2017 में नई दिल्ली में आयोजित विशाल खाद्य कार्यक्रम 'वर्ल्ड फ़ूड इंडिया' का केंद्र-बिंदु (फोकस) देश, निम्नलिखित में से से कौन-सा था?
   A. जर्मनी B. जापान
   C. डेनमार्क D. इटली

65. नोबेल प्राइज श्रंखला भारत 2018 (विज्ञान प्रभावी जीवन) प्रदर्शनी की मेजबानी, निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य करेगा?
A. गुजरात B. राजस्थान
C. गोवा D. मध्य प्रदेश

66. संचार मंत्रालय ने हाल ही में 'दीनदयाल स्पर्श योजना' नाम से स्कूली बच्चों के लिए एक सर्व भारत (पैन इंडिया) छात्रवृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया है | इस योजना का उद्देश्य किसके विस्तार को बढ़ावा देना है?
A. खेल B. टिकट-संग्रहण
C. संगीत D. वेब डिजाइनिंग

67. भारत के निम्नलिखित में से किस मंदिर ने, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए 'यूनेस्को (UNESCO) एशिया पैसिफिक अवार्ड ऑफ़ मेरिट, 2017' जीता है?
A. कामाख्या मंदिर, गुवाहाटी
B. श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, श्रीरंगम
C. मीनाक्षी मंदिर, मदुरै
D. केदारनाथ मंदिर, केदारनाथ

68. निम्नलिखित में से किस टीम को भारत ने 'महिला हॉकी एशिया कप, 2017' का ख़िताब जीतने के लिए पराजित किया?
A. जापान B. चीन
C. दक्षिण कोरिया D. पाकिस्तान

69. भारत के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
A. भारत के पास 12 बड़े बंदरगाह और लगभग 200 छोटे बंदरगाह हैं |
B. भारत का परिमाण (आयतन) में 95 प्रतिशत और मूल्य में 68 प्रतिशत व्यापार नौवहन द्वारा होता है |
C. भारत की समुद्र तट-रेखा लगभग 7500 km है |
D. समुद्रीय कार्यक्रम, 2010-2020 में, वर्ष 2020 के लिए 300 MT पत्तन क्षमता का एक लक्ष्य रखा गया है |

70. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं हैं?
A. भारत MTCR में 2016 में शामिल हुआ |
B. भारत ने NSG की सदस्यता के लिए 2016 में एक औपचारिक आवेदन दिया |
C. भारत ने 1996 में अन्तराष्ट्रीय आंतकवाद पर व्यापक सम्मेलन (कन्वेंशन) का प्रस्ताव दिया |
D. राष्ट्रमंडल देशों के प्रमुखों की शासकीय बैठक (CHOGM), माल्टा में 2016 में हुई थी |

71. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस संशोधन में यह विहित किया गया है कि मंत्रिपरिषद, लोक सभा अथवा राज्यों की विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी?
A. 91 वाँ संशोधन B. 87 वाँ संशोधन
C. 97 वाँ संशोधन D. 90 वाँ संशोधन

72. भारतीय तटरक्षक की भूमिका के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. अपतट सुरक्षा समन्वयन प्राधिकार, भारतीय तटरक्षक को सौंपा गया है
2. यह तटीय और समुद्री सीमा के लिए आसूचना एजेन्सी का मार्गदर्शन करता है
3. भूभागीय जलक्षेत्र में तटीय सुरक्षा
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
A. केवल 1 और 3 B. 1, 2 और 3
C. केवल 1 और 2 D. केवल 3

73. भारत की प्रथम लम्बी दूरी की अव्ध्वानिक क्रूज मिसाइल (समुद्री गश्त प्रक्षेपणास्त्र), जो स्वदेशीय अभिकल्पित और विकसित है तथा जिसे विभिन्न (बहु) प्लेटफ़ॉर्म (उन्नत स्थान) से तैनात किया जा सकता है, निम्नलिखित में से कौन-सी है?
A. अस्त्र B. आकाश
C. निर्भय D. शंखनाद

74. विघुत मंत्रालय, भारत सरकार ने हाल ही में एक समिति गठित की है, जो 1 नवंबर, 2017 को फिरोज गाँधी ताप-विघुत संयंत्र लिमिटेड, ऊंचाहार, उत्तर प्रदेश में हुई दुर्घटना के कारणों की जाँच करेगी | इस समिति का अध्यक्ष, इनमें से कौन है?
A. डॉ० एल० डी० पपने
B. श्री धवल प्रकाश अंतापूरकर
C. श्री सुबीर चक्रबर्ती
D. श्री पि० दि० सिवाल

75. नवंबर 2017 में, मांट्रियल में संपन्न दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव में, भारतीय लघु फिल्म द स्कूल बैग ने सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार जीता है | इस फिल्म का निर्देशक, इनमें से कौन है?
A. अनुराग कश्यप B. धीरज जिंदल
C. सुजय नंदा D. संविदा नंदा

76. नवंबर 2017 में, भारत की एम० सि० मेरी कोम ने वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में आयोजित एशियाई मुक्केबाजी प्रतियोगिता (एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप), 2017 का स्वर्ण पदक जीता | उन्हें निम्नलिखित में से किस वर्ग में विजेता घोषित किया गया था?
A. 48 kg B. 51 kg
C. 54 kg D. 57 kg

77. विश्व मृदा दिवस, 2017 का विषय (प्रसंग), निम्नलिखित में से कौन-सा है?
A. मृदाएँ और दल्हनें, जीवन के लिए संकेत
B. गृह की देख-भाल (प्रवाह) भूमि से आरंभ होती है
C. मृदाएँ, जीवन का एक ठोस आधार
D. मृदाएन, पारिवारिक खेती की बुनियाद

78. राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप (पुरुष), 2017 का विजेता, इनमें से कौन है?
A. किदांबी श्रीकांत
B. एच० एस० प्रणय
C. अजय जयराम
D. साईं प्रणीत

79. 'बर्बरियन (Barbarian)' पद के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. यह ग्रीक शब्द 'बर्बरोंस (barbarous)' से लिया गया है, जिसका अर्थ है, एक अ-ग्रीक |
2. रोमन लोग इस पद का प्रयोग जर्मन जनजातियों, गोंल्स और हूणों के लिए करते थे |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो1 और न ही 2

80. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
A. अल-बरुनी ने सूफी मत के ईश्वरीय प्रेम की पहचान, भगवद्गीता के समांतर परिच्छेदों में स्व-विलोपन के रूप में की है |
B. अल-बरुनी के अनुसार, आत्मा-संबंधी सूफी सिद्धांत, पतंजली के योग-सूत्र के सिद्धांत के समान थे |
C. सूफीमत पर, हठयोग के प्रबंध अमृत कुंड का स्थायी प्रभाव पाया जाता है |
D. योगियों के साथ हजाविरी का संवाद यह दर्शाता है कि वह मानव-शरीर के विभाजन के उनके सिद्धांत से प्रभावित था |

81. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :
"किसानों से इतनी अधिक उगाही की जाती है कि उनके पास अपना पेट भरने के लिए भी मुश्किल से सूखी रोटी बचती है |"
मुगल साम्राज्य में किसानों की दशा के बारे में उपर्युक्त कथन इनमें से किस यूरोपीय यात्री का है?
A. फ्रांसिस्कों पेलसर्ट
B. फ्रैन्कोइस बर्नियर
C. जीन-बैपटिस्ट टवर्नियर
D. निकोलाओ मैनुची

82. खोजास, जो इस्माइली पंथ की एक शाखा है, द्वारा विकसित साहित्यिक विधा का नाम क्या है?
A. जिनान B. जियारत
C. राग D. शाहदा

83. दसवीं शताब्दी के नालयिर दिव्य प्रबन्धम के रचयिता कौन थे?
A. अलवार B. नयनार
C. अप्पार D. साम्बनदार

84. भारत की रक्षा सेनाओं में कमिशन-प्राप्त पदों (रैंक) का सही आरोही क्रम, निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?
A. लेफ्टिनेंट कैप्टन, मेजर, लेफ्टिनेंट कर्नल, कर्नल, ब्रिगेडियर, मेजर जनरल, लेफ्टिनेंट जनरल, जनरल
B. फ़्लाइंग अफसर, फ्लाईट लेफ्टिनेंट, स्कोडन लीडर, विंग कमांडर, ग्रुप कैप्टन, एयर कमोडोर, एयर वाइस मार्शल, एयर मार्शल, एयर चीफ मार्शल
C. फ़्लाइंग अफसर, फ्लाईट लेफ्टिनेंट, स्कोडन लीडर, ग्रुप कैप्टन, विंग कमांडर, एयर कमोडोर, एयर वाइस मार्शल, एयर मार्शल, एयर चीफ मार्शल
D. सब लेफ्टिनेंट, लेफ्टिनेंट कमांडर, कमांडर, कैप्टेन, कमोडोर, रिअर एडमिरल, वाइस एडमिरल, एडमिरल

85. भारत के महान्यायवादी के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
1. वह भारत सरकार का पहला विधि अधिकारी होता है |
2. वह एक संसद सदस्य के विशेषाधिकारों के लिए हकदार होता है |
3. वह सरकार के लिए एक पूर्णकालिक वकील (कांउसेल) होता है |
4. उसकी अर्हताएं वही होनी चाहिए, जो उच्चतम न्यायालय का एक न्यायाधीश बनने के लिए आवश्यक होती हैं |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
A. 1, 2 और 3 B. 2 और 4
C. केवल 3 D. केवल 1

86. निम्नलिखित में से किस संशोधन अधिनियम के तहत, भारत संघ में सिक्किम को किया गया था?
A. 35वाँ B. 36वाँ
C. 37वाँ D. 38वाँ

87. निम्नलिखित में से कौन-सा, 'एक देश, दो व्यवस्थाएँ' के सिद्धांत का अनुकरण करते हुए 1997 में चीन का एक हिस्सा बना?
A. तिब्बत B. हांगकांग
C. जिनजियांग D. आंतरिक मंगोलिया

88. भारत के राज्यों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
A. भारत में राज्यों के उनके अपने संविधान नहीं हो सकते हैं |
B. जम्मू-कश्मीर राज्य का अपना संविधान है|
C. भारत में राज्यों को भारत संघ से पृथक् होने का अधिकार नहीं है |
D. दिल्ली के मंत्रिपरिषद् में सदस्यों की अधिकतम संख्या, विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या का 15 प्रतिशत हो सकती है|

89. भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (NWAP), वर्ष 2017-2031 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. यह तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना है |
2. NWAP विशिष्ट है, क्योंकि भारत ने पहली बार वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन से पड़ने वाले प्रभावों से संबंधित चिंताओं को स्वीकार किया है |
3. NWAP के दस घटक हैं |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3 D. 1, 2 और 3

90. वर्ष 2015-2016 के दौरान, भारत के निम्नलिखित महत्वपूर्ण (मूल) उघोगों में से किस एक में उत्पादन वृद्धि (प्रतिशत में) ऋणात्मक रही?
A. प्राकृतिक गैस
B. परिष्करणी (रिफाइनरी) उत्पाद
C. उर्वरक
D. कोयला

91. ई-बिज, भारत सरकार की राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के अंतर्गत एक एकीकृत सेवा परियोजना है, जो 31 मिशन मोड़ प्रोजेक्टों (MMPs) का हिस्सा है | ई-बिज, औघोगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उघोग मंत्रालय की देखरेख और संरक्षण में किसके द्वारा कार्यान्वित की जा रही है?
A. टाटा कन्सलटेंसी सर्विसज
B. इन्फोसिस टेक्नोलॉजीस लिमिटेड
C. विप्रो
D. HCL टेक्नोलॉजीस

92. ओलिव रिडले कछुओं के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. विश्व में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में ये सबसे छोटे और भरपूर मात्रा में हैं |
2. ये प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर के उष्ण जल में रहते हैं |
3. भारत का कोरोमंडल तट, ऑलिव रिडले कछुओं के लिए सबसे बड़ा सामूहिक बसेरा (नीडन स्थल) है |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
A. 1, 2 और 3 B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3 D. केवल 1

93. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :
"एक स्वस्थ शरीर का मतलब है ऐसा शरीर जो अपनी आत्मा के वशीभूत होता है और एक उपकरण की तरह सदैव इसकी सेवा के लिए तैयार रहता है |"
उपर्युक्त कथन किसका माना जाता है?
A. सरदार पटेल B. विंस्टन चर्चिल
C. महात्मा गाँधी D. बाडेन-पॉवेल

94. फिनिक्स बस्ती (व्यवस्थापन) का संस्थापक, इनमें से कौन था?
A. महात्मा गाँधी
B. बी. आर. अम्बेदकर
C. रवीन्द्रनाथ टैगोर
D. स्वामी विवेकानंद

95. विजयनगर साम्राज्य के राजाओं द्वारा धार्मिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने वाले मंच (चबूतरे) को क्या कहा जाता था?
A. महानवमी दिब्बा B. लोटस महल
C. हजारा रामा D. विरूपाक्ष

96. 'फर्र-ए इजदी' का विचार, जो मुगल राजतंत्र का आधार था, इनमें से किस सूफी संत द्वारा सबसे पहले विकसित किया गया था?
A. शिहाबुद्दीन सुहरावर्दी
B. निजामुद्दीन औलिया
C. इब्न अल-अरबी
D. बयाजिद बिस्तामी

97. किस बौद्ध मूल-ग्रंथ में, मौर्य सम्राट, अशोक का विवरण समाहित है?
A. विनय पिटक B. सुत्त पिटक
C. अभिधस्म पिटक D. महावाम्सा

98. भारत के बौद्ध स्तूपों के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
A. स्तूप उपासना को प्रचलन में लाने में अशोक ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी
B. ये बुद्ध और अन्य मठवासियों के स्मृतिशेषों के आधान (भंडार) थे |
C. ये ग्रामीण इलाकों में स्थित थे |
D. ये व्यापार-मार्गों के नजदीक स्थित थे |

99. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की विधान सभा की सीटों की संख्या सर्वाधिक है?
A. पश्चिम बंगाल B. बिहार
C. मध्य प्रदेश D. तमिलनाडु

100. अध्यादेश बनाने की राज्यपाल की शक्ति के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. यह एक वैवेकिक शक्ति है |
   2. किसी भी समय अध्यादेश को वापस लेने के लिए स्वयं राज्यपाल भी सक्षम नहीं है |

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

101. निम्नलिखित घटनाओं में से कौन-सी एक घटना उसके घटित होने के वर्ष के साथ सही सुमेलित नहीं है?
   A. विश्वव्यापी अंत:बैंकीय निधि अंतरण इलेक्ट्रोनिक प्रणाली SWIFT का प्रारंभण— 1985
   B. GATT के उरुग्वे दौर पर समापन— 1994
   C. विश्व व्यापार संगठन का उद्घाटन— 1995
   D. प्रथम पूर्णत: इलेक्ट्रोनिक शेयर बाजार (नॉसडॉस) की स्थापना— 1971

102. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. ITBP 1962 में बना था |
   2. ITBP मूलतः एक पर्वत प्रशिक्षित बल है |
   3. सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में सीमा रक्षा के लिए 2004-2005 में असम रायफल्स की जगह ITBP को रखा गया |
   4. वर्तमान में ITBP के 52 विभागीय (सेवा) बटालियन हैं |

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
   A. केवल 1, 2 और 4
   B. केवल 3 और 4
   C. 1, 2, 3 और 4
   D. केवल 1, 2 और 3

103. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अन्तराष्ट्रीय मानवाधिकार सन्धि नहीं है?
   A. नागरिक और राजनितिक अधिकारों पर अन्तराष्ट्रीय प्रतिज्ञा-पत्र (प्रसंविदा)
   B. महिलाओं के विरुद्द भेदभाव के सभी प्रकारों (रूपों) के उन्मूलन पर समझौता (कन्वेंशन)
   C. अशक्तता वाले व्यक्तियों के अधिकारों पर समझौता (कन्वेंशन)
   D. विकास के अधिकार पर घोषणा

104. भारत में निर्वाचन के सन्दर्भ में VVPAT का सही पूरा शब्द-रूप, निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   A. वोटर वेरीफाइएबल पोल ऑडिट ट्रेल
   B. वोटर वेरीफाइंग पेपर ऑडिट ट्रेल
   C. वोटर वेरीफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल
   D. वोटर वेरीफाइएबल पेपर अकाउंट ट्रेल

105. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) का एक उद्देश्य, निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?
   A. क्षेत्र-स्तर सिचाई में निवेश का अभिसरण प्राप्त करना
   B. सिंचाई के अंतर्गत कृष्य क्षेत्र का विस्तार करना
   C. जल का अपव्यय रोकने के लिए खेत-स्तर पर (ऑन-फार्म) जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना
   D. प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले फसलों के नुकसान से किसानों को बचना

106. 'निर्यात बंधु योजना' के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   A. यह प्रथम पीढ़ी के उधमियों को विश्वसनीय सलाह देने की एक योजना है|
   B. यह फसल संरक्षण के लिए एक योजना है|
   C. यह समाज के कमज़ोर (असुरक्षित) वर्ग के लिए एक योजना है |
   D. यह ग्रामीण गरीबों की निगरानी (मोनिटरिंग) के लिए एक योजना है |

107. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) के बारे में सही नहीं है?
   A. यह विशेषकर ग्रामीण लड़कियों के लिए नौकरी दिलाने से जुड़ा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है |
   B. इसका उद्देश्य भारत के जनाकिकीय अधिशेष को जनांकिकीय लाभांश में बदलना है |
   C. इस योजना का उद्देश्य 55 मिलियन से भी अधिक गरीब ग्रामीणजनों को फायदा पहुँचना है |
   D. यह पीढ़ी दर पीढ़ी वाली गरीबी के उन्मूलन का एक कार्यक्रम है |

108. हम्बनटोटा बन्दरगाह कहाँ स्थित है?
   A. ईरण B. श्रीलंका
   C. जापान D. पाकिस्तान

109. फ्लैगशिप (प्रमुख) सागरमाला कार्यक्रम की तटीय गोदी (लंगरगाह) स्कीम के अंतर्गत परियोजनाएं कितने राज्यों तक फैली हुई हैं?
   A. आठ B. दस
   C. बारह D. चौदह

110. जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन निधि के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
   A. अनुकूलन उपायों के खर्च को पूरा करने हेतु राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय गतिविधियों की सहायता के लिए यह निधि बनाई गई है |
   B. यह स्कीम एक केन्द्रीय क्षेत्रक स्कीम के रूप में ली गई है |
   C. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, इस निधि के लिए राष्ट्रीय कार्यान्वयन सत्व (संस्था)
   है |
   D. यह स्कीम 2015-2016 से लागू की गई है |

111. 'SAMPRITI (समप्रिति)-2017' एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है, जो भारत और एक दूसरे देश की सशस्त्र सेनाओं के बीच है | यह दूसरा कौन-सा है?
   A. Bhutan B. Bangladesh
   C. Pakistan D. Myanmar

112. विशाखा मामले में भारत के उचतम न्यायालय का निर्णय किससे संबंधित है?
   A. कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन
   B. सती
   C. दहेज मृत्यु
   D. बलात्कार

113. दक्षिण अफ्रीका को शामिल करने के बाद पहला BRICS शिखर सम्मेलन कहाँ हुआ था?
   A. ब्रासिलिया B. सान्या
   C. येकतेरिनबर्ग D. डरबन

114. ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों का अर्थ कौन समझ पाया था?
   A. पियदस्सी
   B. कालिन मैकेंजी
   C. एलेक्जेंडर कनिघम
   D. जेम्स प्रिसेप

115. ब्रहादेय अनुदान, लगभग 600-1200 ई० के दौरान, की विशेषता/विशेषताएँ निम्नलिखित में से कौन-सी है/हैं?
   1. इनके सृजन का तात्पर्य था, राज्य द्वारा राज्यस्व के वास्तविक अथवा संभावित स्रोतों का त्याग |
   2. ये अनुदान, एक छोटे भूखण्ड से लेकर कई गाँवों तक के अंतर वाले हो सकते थे |
   3. अधिकांश अनुदान अस्थिर (अशांत) क्षेत्रों में किए गए थे |

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. केवल 1 B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 2 D. 1, 2 और 3

116. मनीमेकलाई के लेखक कौन हैं?
   A. कोवालन B. सथानर
   C. इलंगो अडिगल D. तिरुतक्कतेवर

117. एलिफेंटा द्वीप के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   A. एक विशाल हाथीनुमा संरचना वहाँ पाए जाने के बाद ब्रिटिश द्वारा इसे यह नाम दिया गया |
   B. इसमें एक विशाल गुफा है |
   C. विष्णुधर्मोत्तर पुराण में वर्णित विष्णु की एक भव्य नक्काशी के लिए यह सुविख्यात है |
   D. यह पशुपत संप्रदाय (पंथ) से संबद्ध है |

118. सर सैयद अहमद खान के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. उनका तर्क था कि भारत समान वंशानुक्रम पर आधारित संजातीय समुदायों का एक महासंघ था |
   2. उनका तत्वविचार, भारतीय राष्ट्रीय कांगेस के तत्वविचार के बहुत अधिक समान था |
   3. उन्होंने वैयक्तिक नागरिक अधिकारों पर आधारित एक राष्ट्र राज्य के रूप में भारत की कल्पना की थी |
   4. मुहम्मडन ऐंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के पाठ्यक्रम ने मुस्लिम धर्मशास्त्र और यूरोपीय अनुभववाद को मिश्रित कर दिया|

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |
   A. केवल 1
   B. 2 और 3
   C. केवल 3
   D. 1 और 4

119. कराघात (करदेयता) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. कर, उपभोक्ताओं के अग्र की ओर (सामने) स्थानांतरित हो जाता है यदि आपूर्ति के सापेक्ष माँग, मूल्यनिरपेक्ष (लोचहीन) है |
   2. कर, उत्पादकों (निर्माताओं) के प्रश्न की ओर स्थानांतरित हो जाता है यदि माँग की तुलना में आपूर्ति अपेक्षाकृत अधिक मूल्यनिरपेक्ष है |

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

120. ह्रासमान सीमांत उपयोगिता के सिद्धांत के अनुसार, जैसे ही किसी वस्तु के उपभोग की मात्रा बढ़ती है, वैसे ही उस वस्तु की सीमांत उपयोगिता
   A. बढने लगती है
   B. कम होने लगती है
   C. स्थिर बनी रहती है
   D. पहले घटती है और फिर बढ़ती है

***

gradeup

Banking, SSC, GATE, JEE, NEET & other Online Mock Test Series

- Based on Latest Exam Pattern
- Available in Hindi & English
- Get all India rank & result analysis
- Detailed Solutions
- Can be taken on web & mobile

ANDROID APP ON Google play



www.gradeup.co